Demand to operationalise the Bihta Aurangabad Project

माननीय सभापति **:** श्री राम कृपाल यादव जी।

कृपया समय का ध्यान रखें, नहीं तो अधिक माननीय सांसद नहीं बोल पायेंगे।

श्री राम कृपाल यादव **(**पाटलिपुत्र**):** माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण लोकहित के मामले पर बोलने के लिए इजाजत दी है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से, पीड़ा के साथ रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र में एक बहुत ही पुरानी परियोजना रेल से संबंधित है, वह है बिहटा से औरंगाबाद रेल लाइन। इससे केवल मेरे ही संसदीय क्षेत्र को लाभ नहीं होने वाला है, बल्कि पाटलिपुत्र के अलावा, जहानाबाद, काराकाट, औरंगाबाद, चार संसदीय क्षेत्रों से होकर यह रेल लाइन जाएगी और लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। यह लगभग 118 किलोमीटर की योजना है। इसको वर्ष 2007 में स्वीकृति मिली। कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन यह काम नहीं हुआ। वहां योजना को लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर एजीटेशन चल रहा है। उस समय की तत्कालीन सरकार अगर वर्ष 2007 में धनराशि देती, तो शायद यह स्थिति नहीं होती। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा धनराशि नहीं देने के कारण यह लागू नहीं हो सका।

मैं आपके माध्यम से निवेदनपूर्वक आग्रह करना चाहता हूं कि जन-आंदोलन को देखते हुए बिहटा-औरंगाबाद परियोजना को तुरंत लागू किया जाए। सरकार धनराशि आबंटित करे, ताकि वहां पर सपना साकार हो सके। उस इलाके में विकास की यह महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी, इसलिए मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं।? (व्यवधान)